दिनांक : 19.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पार्टी पर विकसित भारत–जीरामजी अधिनियम को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसे लेकर भ्रम फैला रही है। श्री चौहान ने कहा कि नये कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। इससे पहले मनरेगा में सौ दिनों का रोजगार मिलता था। कृषि मंत्री ने कहा कि वीबी जीरामजी कानून में निर्धारित 15 दिनों के भीतर रोजगार नहीं मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नये अधिनियम में पंचायत समितियों के प्रशासनिक खर्च में भी बढोतरी की गई है, जिससे लोगों को समय पर वेतन मिल सकेगा।

....

86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आज से लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। विधानसभा परिसर में होने वाले इस सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। इसमें देशभर के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की विधानसभा तथा विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारी भाग लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति, विधानसभाओं के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा विधान परिषदों के सभापति और उपसभापति चयनित बिंदुओं पर मंथन करेंगे। इसमें विधायी प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी का उपयोग, कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए विधायकों का क्षमता निर्माण और जनता के प्रति विधायिका की जवाबदेही विषय शामिल हैं।

....

राजस्थान हाईकोर्ट ने साइबर अपराधों के दौरान पुलिस की ओर से संबंधित बैंक खातों को पूरी तरह से फ्रीज करवाने को गलत माना है। अदालत ने कहा कि केवल संदेह के आधार पर किसी भी व्यक्ति का पूरा बैंक खाता फ्रीज करना विधि सम्मत नहीं है। ऐसे मामलों में मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत होती है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश दिया।

....

आज राष्ट्रीय आपदा मोचन बल–एनडीआरएफ का स्थापना दिवस है। ये बल प्राकृतिक और अन्य आपदाओं के समय महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एनडीआरएफ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कौशल और दृढ़ संकल्प की सराहना की है। एनडीआरएफ के जवान चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में दूसरों की जीवन रक्षा करने का अथक प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने इसे कर्तव्यनिष्ठा का उच्चतम मानक बताया। गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एनडीआरएफ को स्थापना दिवस की बधाई दी है। श्री शाह ने दूसरों की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले एनडीआरएफ शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

....

भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन नई दिल्ली में बुधवार से शुरू होगा। चुनाव आयोग की ओर से भारत मंडपम में तीन दिन के इस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। ये लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन के क्षेत्र में भारत की ओर से आयोजित अब तक का सबसे बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा। इसमें 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

....

राज्य के कई जिलों में आज कोहरे और सर्द हवाओं का असर है। टोंक, भरतपुर, अलवर, बीकानेर और कोटा में कई स्थानों पर सुबह देर तक कोहरा छाया रहा। हालांकि ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढोतरी से लोगों को कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। आज किसी भी स्थान पर शीतलहर का प्रकोप नहीं है। ज्यादातर स्थानों पर रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा है। सबसे कम 7

डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान नागौर में रहा। इस बीच, मौसम विभाग ने 22 जनवरी से प्रदेश के छह जिलों में आंधी–बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 23 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

....